**फा.सं. मु-गो11019/54/2023-गो.1/1(E-7336)**

# कर्मचारी चयन आयोग

***

**विषय : कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी और वैद्युत) परीक्षा, 2023 - पेपर- II (कंप्यूटर आधारित मोड) में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए पेपर-I के परिणाम की घोषणा ।**

कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 09.10.2023 से 11.10.2023 तक देश भर के विभिन्न केंद्रों में कंप्यूटर आधारित मोड में कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी और वैद्युत) परीक्षा, 2023 (पेपर-।) का आयोजन किया था ।

2. चूंकि पेपर-I (कंप्यूटर आधारित मोड) को कई पालियों में आयोजित किया गया था, अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किए गए अंकों को आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर दिनांक 07.02.2019 को प्रकाशित सूत्र के अनुसार सामान्यीकृत किया गया है । परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा 13.7 के प्रावधानों के अनुसार परीक्षा के अगले चरण (अर्थात पेपर-II) में अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने हेतु उनके सामान्यीकृत अंकों का उपयोग परिणाम तैयार करने के लिए किया गया है ।

3. परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा -18.1 के संदर्भ में, पेपर-I में न्यूनतम अर्हक अंक अना. के लिए 30% (अर्थात 60 अंक), अ.पि.व. और आ.क.व. के लिए 25% (अर्थात 50 अंक) और अन्य सभी श्रेणियों के लिए 20% (अर्थात 40 अंक) निर्धारित किए गए हैं ।

4. श्रेणीवार कट-ऑफ विवरण और परीक्षा के पेपर-II (कंप्यूटर आधारित मोड) में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या इस प्रकार है:

**I.सिविल अभियांत्रिकी :**

| श्रेणी | कट-ऑफ अंक | उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| अ.जा. | 89.36187 | 2376 |
| अ.ज.जा. | 87.33088 | 1127 |
| अ.पि.व. | 106.50713 | 3403 |
| आ.क.व. | 98.91581 | 1696 |
| अना. | 108.16773 | 1373 |
| अ.दि. | 84.62158 | 69 |
| श्र.दि. | 56.45190 | 68 |
| अन्य-दि. | 40.00000 | 42 |
| कुल | ---- | **10154** |

* उपर्युक्त दर्शाए गए अनारक्षित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त, अना. कट-ऑफ पर अर्हता प्राप्त करने वाले 388-अजा., 211-अ.ज.जा., 2926-अ.पि.व., 860-आ.क.व., 03-अ.दि. और 01-श्र.दि. अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है ।

**II. वैद्युत /यांत्रिकी अभियांत्रिकी:**

| श्रेणी | कट-ऑफ अंक | उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| अ.जा. | 116.03229 | 402 |
| अ.ज.जा. | 105.81252 | 187 |
| अ.पि.व. | 131.45627 | 770 |
| आ.क.व. | 125.37901 | 344 |
| अना. | 131.45627 | 320 |
| अ.दि. | 104.29715 | 23 |
| श्र.दि. | 109.23740 | 03 |
| अन्य-दि. | 56.34762 | 24 |
| कुल | ---- | **2073** |

* उपर्युक्त दर्शाए गए अनारक्षित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त, अना. कट-ऑफ पर अर्हता प्राप्त करने वाले 59-अजा., 11-अ.ज.जा., 770-अ.पि.व., 191-आ.क.व., 01-अ.दि. और 01-अन्य-दि. अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है ।

5. कनिष्ठ अभियंता परीक्षा, 2023 का पेपर-II दिनांक-04.12.2023 को निर्धारित है। शॉर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रमाण-पत्र यथासमय संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के वेबसाईट पर अपलोड किए जाएंगे ।

6. संभावित उत्तर कुंजियों के संबंध में अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों की गहनतापूर्वक जांच की गई और जहां कहीं भी आवश्यकता थी, उत्तर कुंजियों को संशोधित किया गया। अंतिम उत्तर कुंजियों का प्रयोग परिणाम तैयार करने के लिए किया गया है ।

7. अंतिम उत्तर-कुंजियां साथ ही साथ पेपर-I में अर्हताप्राप्त/गैर-अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों के अंक यथासमय आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे ।

अवर सचिव, भारत सरकार

17.11.2023